11

हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 15–12–2018 को मध्यान्ह 12:00 बजे सम्पन्न पंचम बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक मे निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:

1– प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति एवम् अध्यक्ष, वित्त समिति, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। — अध्यक्ष

2– श्री अवध किशोर, (प्रतिनिधि प्राविधिक शिक्षा विभाग) उप सचिव, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ। — सदस्य

3– श्री एस0पी0 सिंह, (प्रतिनिधि वित्त विभाग) अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन कानपुर मण्डल कानपुर। — सदस्य

4– प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। — सदस्य

5– श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। — सदस्य–सचिव

6– श्रीमती रीता सचान, वित्त एवं लेखाधिकारी, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। — विशेष आमंत्री

Scanned by CamScanner

5.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 28/03/2018 को अपरान्ह 12:30 बजे सम्पन्न चतुर्थ वित्त समिति की बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

समिति द्वारा दिनांक 28/03/2018 को सम्पन्न वित्त समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

5.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की दिनांक 28./03/2018 को सम्पन्न चतुर्थ वित्त समिति की बैठक में लिए गये निणयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।

समिति द्वारा दिनांक 28.03.2018 को सम्पन्न वित्त समिति की चतुर्थ बैठक के कार्यवृत्त एवं तत्सम्बन्धी कार्यवाही को संज्ञान में लेते हुए निम्नलिखित बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया:—

4.02(3:13) समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2016—17 एवं 2017—18 की बैलेन्स सीट को दिनांक 15—03—2019 तक तैयार कराते हुए विश्वविद्यालय की आगामी वित्त समिति में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4:02(3:21.02) समिति द्वारा कुलसचिव से अपेक्षा की गयी कि विश्वविद्यालय में अपेक्षित स्थानों पर रैम्प का निर्माण समय—सीमा के अन्तर्गत तैयार करने हेतु पी0डब्लू0डी0 को पत्र लिखा जाय। दिव्यांगजन/अनुसूचित जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र—छात्राओं के निमित्त चल रही लाभकारी योजनाओं के संबंध में जिला विकलांग कल्याण अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी/जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कानपुर को पत्र भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

4.03 समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2017—18 के वर्गीकृत बजट के सापेक्ष व्यवसायिक एवं विधिक सेवाओं मद में रू0 01.36 लाख व सुरक्षा गार्ड व्यवस्था मद में रू0 0.62 लाख कुल रू0 1.98 लाख के व्याधिक्य पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

तथा समिति द्वारा वित्तीय वर्ष 2018—19 के बजट के सापेक्ष नवम्बर 2018 तक हुए व्ययों का अवलोकन करते हुए लाईब्रेरी में बुकस्/ई—बुकस् कय हेतु रू0 40.00 लाख का अतिरिक्त बजट का अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned by CamScanner

4.05 समिति द्वारा इन परियोजनाओं हेतु प्राप्त धनराशि का नियमानुसार व्यय किये जाने तथा व्यय विषयक विवरण आगामी वित्त समिति में रखे जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

4.06 समिति अवगत हुई।

4.07 समिति द्वारा विश्वविद्यालय के अंशकालिक एम0टेक पाठ्यक्रमों से प्राप्त आय के वितरण संबंधी समिति की संस्तुतियाँ न प्राप्त होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए, संस्तुतियाँ शीघ्र प्राप्त किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये।

4.08:01 समिति द्वारा कुलसचिव से अपेक्षा की गयी कि परीक्षण एवं परामर्श कार्यो हेतु कार्य परिषद की बैठक दिनांक 10–04–2018 को लिये गये निर्णय के कम में गठित नवीन समिति की संस्तुतियाँ शीघ्र प्रस्तुत की जाय।

4.08:02 समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि विश्वविद्यालय के निष्प्रयोज्य/अनुपयोगी उपकरणों, फर्नीचर एवं अन्य सामानों के निस्तारण की कार्यवाही शीघ्र करायी जाय।

Scanned by CamScanner

5.03 विभिन्न विभागों/अनुभागों की प्रयोगशालाओं एवं कार्यालयों की मरम्मत रिनोवेशन एवं उपकरणों के कय किये जाने पर विचार

समिति ने विभिन्न विभागों/अनुभागों की प्रयोगशालाओं एवं कार्यालयों की मरम्मत/रिनोवेशन एवं उपकरण के कय किये जाने विषयक रू0 216.92 लाख + अन्य एजेण्डा बिन्दु 5:11:01 के अधीन रू0 9.97 लाख सहित कुल रू0 226.89 लाख के प्रस्तुत निम्न प्रस्तावों पर सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय की प्राथमिकता के आधार पर विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न परियोजनाओं/योजनाओं से प्रथमतः कार्य कराये जाने एवं उक्त योजनाओं से आच्छादित न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय की आय से कार्य कराने एवं यथावश्यकतानुसार शासन से अनुदान प्राप्त करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया।

| कमांक | कार्य का विवरण | धनराशि (₹ लाख में) | पृष्ठ |
|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट अनुभाग हेतु उपकरणों आदि के कय करने एवं सुसज्जित किये जाने के आदि कार्य | 20.04 | 55–57 |
| 2 | भौतिकी विभाग में स्थित प्रयोगशाला सं0 109 एवं 110 की मरम्मत/नवीनीकरण एवं जीर्णोद्वार आदि का कार्य | 20.00 | 58–62 |
| 3 | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इन्जीनियरिंग विभाग में लैबों में टाइलिंग, अल्यूमिनीयम पार्टीशन एवं न्यू बिल्डिंग निर्माण आदि कार्य | 10.70 | 63–64 |
| 4 | कम्प्यूटर साइंस एण्ड इन्जीनियरिंग विभाग में परास्नातक एण्ड रिसर्च लैब को सुविधाओं से विकसित किये जाने के आदि कार्य। | 38.65 | 65–67 |
| 5 | परीक्षा नियत्रंक कार्यालय में विभिन्न आइटमों के कय आदि किये जाने के संबंध में | 7.86 | 68–69 |
| 6 | लेदर टेक्नालॉजी विभाग में लेदर प्रोसेसिंग वर्कशाप हेतु उपकरण एण्ड मशीनरी, कम्प्यूटर एवं स्टील ड्रम आदि कय किये जाने के संबंध में | 19.40 | 70 |
| 7 | इलेक्ट्रानिक्स इन्जी0 विभाग में लैब इत्यादि में नवीनीकरण आदि का कार्य | 38.20 | 71–72 |
| 8 | पेन्ट टेक्नालॉजी विभाग के प्रयोगशाला,टेस्टिंग लैब एवं सिटिंग रूम, विभागीय भण्डार तथा सेमिनार कक्ष आदि कार्य | 16.50 | 73–75 |
| 9 | प्लास्टिक टेक्नालॉजी विभाग नई लैब के निर्माण आदि का कार्य | 45.57 | 76–77 |
| 10 | बायो–केमिकल इन्जी0 विभाग में लैब के मरम्मत/रिनोबेशन आदि कार्य | 9.97 | 277–280 |
| | योग | 226.89 | |

Scanned by CamScanner

**5.04 विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मियों को पार्ट टाइम शोध कार्य (पी0एच0डी0) हेतु शिक्षण शुल्क (परीक्षा शुल्क छोड़कर) छूट प्रदान किये जाने पर विचार**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचार करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों, आई0आई0टी0 कानपुर, एम0एन0एन0आई0टी0 इलाहाबाद एवं एम0एम0एम0यू0टी0 गोरखपुर में स्थापित व्यवस्था का अध्ययन करते हुए प्रस्ताव को आगामी वित्त समिति में प्रस्तुत किया जाय।

**5.05 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के अधीन संचालित पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना (ए0के0टी0यू0) बजट से मल्टीपरपज हाल का निर्माण कराये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त भवन एवं कार्य समिति द्वारा अनुमोदित लागत रू0 917.00 लाख पर सहमति व्यक्त की गयी। समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार योजना (ए0के0टी0यू0) से स्वीकृत धनराशि से कार्य प्रारम्भ कराया जाय। यदि भविष्य में अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ती है तो औचित्य सहित प्रस्ताव यथासमय प्रस्तुत किया जाय।

**5.06 विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण की समुचित सुरक्षा व्यवस्था किये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त विश्वविद्यालय के पूर्वी एवं पश्चिमी प्रांगण की सुरक्षा मानकों के आलोक में सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु समुचित सुरक्षा गार्डों को नियमानुसार पारिश्रमिक का भुगतान विश्वविद्यालय की आय/स्त्रोंतों से किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

Scanned by CamScanner

**5:07: विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित टेक्यूप–III की गाइडलाइन के अनुसार विश्वविद्यालय को प्राप्त कुल राजस्व का निम्नलिखित खातों में कुल 08 प्रतिशत धनराशि बनाये रखे जाने की अनिवार्यता विषयक प्रस्ताव पर विचार**

समिति द्वारा प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त धनराशियाँ इन्टरनल रेवन्यू जनरेशन (आई0आर0जी0) में से चारों खातों में स्थानान्तरित करने तथा व्यय इत्यादि के निमित्त टेक्यूप की गाइडलाइन के अधीन नियम बनाये जाने हेतु निम्नलिखित समिति गठित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रति कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | अधिष्ठाता, स्कूल आफ इन्जीनियरिंग | सदस्य |
| 3. | अधिष्ठाता, स्कूल आफ केमिकल टेक्नालॉजी | सदस्य |
| 4. | वित्त नियंत्रक | सदस्य |
| 5. | अधिष्ठाता, रिसोर्स जनरेशन एवं को–आर्डिनेटर टेक्यूप–III | सदस्य–सचिव |

**5:08: आगामी शैक्षिक सत्र हेतु विश्वविद्यालय के केन्द्रीय पुस्तकालय हेतु प्रशिक्षु (डिग्री एवं डिप्लोमा धारी) संख्या बढ़ाये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा सम्यक विचारोपरान्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**5:09: विश्वविद्यालय के लेखा, स्थापना एवं शैक्षिक अनुभागों के भवनों का रिनोवेशन के कार्य जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय की भवन एवं कार्य समिति के निर्णय के कम में कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

Scanned by CamScanner

5:10: **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर (पूर्ववर्ती एच0बी0टी0आई0 कानपुर) की बैलेन्स सीट के अनुमोदन किये जाने विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति द्वारा हरकोर्ट बटलर प्रोद्यौगिकी संस्थान कानपुर की वित्तीय वर्ष 2012–13, 2013–14, 2014–15 एवं 2015–16 तक की बैलेन्स सीटों पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

5.11: **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।**

5.11:01. **विश्वविद्यालय के बायोकेमिकल इन्जीनियरिंग विभाग की लैबों की मरम्मत/रिनावेशन आदि कराये जाने वाले कार्यो पर विचार।**

समिति के निर्देशानुसार एजेण्डा बिन्दु 5.03 में सम्मिलित कर लिया गया है।

5.11:02 .**विश्वविद्यालय भवन एवं कार्य समिति की दिनांक 14.12.2018 को सम्पन्न द्वितीय बैठक में लिये गये निर्णय विषयक प्रस्ताव पर विचार।**

समिति, विश्वविद्यालय भवन एवं कार्य समिति की बैठक में लिए गये निर्णयों से संज्ञानित हुई।

(राजेश सिंह)
सदस्य–सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति एवं अध्यक्ष

Scanned by CamScanner